समाचार

मुड़ापार हेलीपेड के समीप एस.ई.सी.एल.नर्सरी से हटाया गया बेजा कब्जा

(जिला पुलिस व निगम प्रशासन ने की संयुक्त कार्यवाही)

कोरबा 04 अप्रैल 2022 – कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के दिशा निर्देशन में आज जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगर निगम प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मुड़ापार हेलीपेड के समीप स्थित एस.ई.सी.एल. नर्सरी में सैकड़ों की संख्या में किए गए अवैध कब्जों को हटाया तथा उक्त स्थल को अतिक्रमण से मुक्त कराया।

मुड़ापार हेलीपेड के समीप एस.ई.सी.एल की नर्सरी स्थित है, जहॉ पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था, पूर्व में भी उक्त स्थल पर अतिक्रमण को हटाया गया था, किन्तु अतिक्रमणकारियों ने पुनः भारी संख्या में अवैध को अंजाम देते हुए मकान बना लिए थे, साथ ही बांस, बल्ली, साड़ी, चादर, रस्सी आदि से घेरकर जमीन पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। उक्त अतिक्रमण को पुनः हटाने की मांग स्थानीय नागरिको द्वारा किए जाने के परिप्रेक्ष्य में आज जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए उक्त अवैध कब्जों को हटा दिया, भारी संख्या में पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में निगम के अतिक्रमण दस्ते ने अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही की। अवैध कब्जा

करने वालों को हिदायत दी कि वे पुनः अवैध कब्जा करने का प्रयास न करें, यदि ऐसा किया जाता है तो पुनः अतिक्रमण हटेगा, अतः असुविधा से बचे, अवैध कब्जे का प्रयास न करें।